हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 जुलाई 2024





12 निकासी बाधित, दुकान व घरों में घुसा पानी



11 मानव कल्याण आश्रम बघमरा में मनाया गया गुरु पूर्णिमा ...





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग

हुडको, भिलाई (छ.ग.)

(2005 से संचालित)

नर्सिंग

B.Sc.(N)

M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)

7489713804, 9926129192

For Online Admission

Visit : www.sscnbhilai.com


बारिश

## जिला मुख्यालय सहित कई स्थानों पर भरा पानी, लोग हलाकान

# चार दिनों से झमाझम बारिश, नदी-नाले उफान पर, दर्जनों गांवों का संपर्क टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

इस साल मानसून सीजन में बीते चार दिनों से लगातार हो रही झमाझम बारिश से जिलेवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार से रविवार की शाम तक जिले में प्राकृतिक आपदा में 8 लोगों की जान चली गई है।

बीते चार दिनों से हो रही आफत की बारिश ने लोगों को मुश्किलों में डाल दिया है। नदी नालों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं, दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है। कई गांवों में नदी नाले उफान पर होने के साथ ही गांव में अधूरे पुल निर्माण के कारण ग्रामीणों को आवागमन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच हरिभूमि से बात करते हुए संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर ने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए सभी रेवेन्यू आफिसर अलर्ट मोर्ड र हैं। गांवों में कोटवारों के द्वारा मुनादी करा रहें हैं, जहां पर भी जलभराव या नाले हैं वहां पर लोगों को नहीं निकलने की समझाइश दी जा रही है। अगर कहीं मकान या फसल क्षतिग्रस्त हो जाता है तो तुरंत उसका आंकलन करके जो भी आर्थिक अनुदान सहायता के प्रकरण को तैयार किया जा रहा है। फिलहाल अभी संख्या की जानकारी नहीं मिली है, लेकिन सभी अलर्ट हैं। ऐसे में जिले के तमाम पुल निर्माण जो अधूरे पड़े हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने या ग्रामीणों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग उठने लगी है। ग्राम लिमोरा के पास एप्रोच रोड में पानी कमर के ऊपर से बह रहा था, हालांकि इस जगह पर पुल बनाया जा रहा है जो अधूरा है। संबंधित विभाग द्वारा एप्रोच रोड में वैकल्पिक व्यवस्था की गई है ताकि लोगों को आवाजाही करने में किसी प्रकार की दिक्कतें न हो। वहीं जिले के तांदुला नदी, कोंगनी नाला, सेमरिया नाला, चिचा नाला, देवरानी–जेठानी नाला सहित कई छोटे छोटे नदी नाले भी उफान पर हैं।





### मानसून शुरू होने के बाद प्राकृतिक आपदा में 8 की मौत

जिले में मानसून शुरुआत होते ही संजारी गांव में दो मासूम बच्चे सगे भाइयों की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। गुण्डरदेही क्षेत्र के डौकीडीह गांव के भाटापारा में स्थित एक तालाब में बारिश अधिक होने से जलस्तर बढ़ गया, जहां दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इसी तरह बीते चार दिनों में बाढ़ के पानी में डूबने से एक 39 वर्षीय डॉक्टर और एक 17 वर्षीय बालक की मौत हुई है, वहीं आकाशीय बिजली गिरने से दो किसानों की भी मौत हुई है। इस प्रकार इस मानसून सीजन में प्राकृतिक आपदा से अब तक के आठ लोगों की मौत हो चुकी है।

**पीड़ित परिवार को मिलेगा मुआवजा–संयुक्त कलेक्टर :** मामले में हरिभूमि से बात करते हुए संयुक्त कलेक्टर अजयकिशोर लकरा ने कहा कि आकाशीय बिजली से और पानी में डूबने से जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों को सहायता राशि चार लाख रुपए देते हैं। एफआईआर दर्ज होता है पुलिस जांच होती है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आता है तब प्रकरण तैयार कर पीड़ित परिवार को सहायता राशि देते हैं।

### नाली निर्माण में लापरवाही, बस स्टैंड में भरा भारी पानी




**बालोद।** तस्वीर आप जो देख रहे हैं वह कोई पानी जहाज नहीं है बल्कि वह यात्री बस है, हालांकि तस्वीर देख कर हर कोई यही कहेगा कि यात्री बस की तरह दिखने वाला पानी जहाज कहां से आया है। लेकिन यह पानी जहाज नहीं बल्कि यात्री बस ही है, जो कमर जितने पानी में चलते हुए यात्रियों को उनके गंतव्य तक छोड़ रही है। इसी तरह से 100 से अधिक यात्री बसें इसी तालाब नुमा बस स्टैंड परिसर को पार करते हुए यात्रियों को बैठाते और उतारते नजर आती हैं। दरअसल यह तस्वीर जिला मुख्यालय के बस स्टैंड की है। बस स्टैंड के ठीक सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 930 का निर्माण कार्य और चौड़ीकरण हुआ है। संबंधित विभाग द्वारा सड़क किनारे बनाई गई नाली को बस स्टैंड परिसर से ऊपर बना दिया गया है। ऐसे में नगर पालिका प्रशासन द्वारा पहले से बनाई गई नाली ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### स्वास्थ्य केंद्र में भरा पानी

सोमवार को तेज आंधी तूफान के साथ करीब 8 घन्टे से लगातार हो मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जिले के अलग अलग इलाकों में जलभराव होने की तस्वीरें लगातार सामने आ रही है। जिले के गुण्डरदेही समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी भर गया जिसके कारण स्वास्थ महकमा पानी में इलाज करने मजबूर हुए, पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हॉस्पिटल के वार्डो में पानी भर गया। हालांकि बीएमओ शतेन्द्र मार्कंडे ने बताया कि ज्यादा पानी गिरने से इस तरह की स्थिति आई है। व्यवस्था सुधार ली गई है।

### प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे सीएमओ, निकलवाया पानी





**बालोद।** नगर पालिका क्षेत्र के कई वार्डवासियों के घरों में पानी घुस गया। इसकी जानकारी लगते ही नगर पालिका के सीएमओ सौरभ शर्मा भारी बारिश के बीच भीगते हुए शहर के प्रभावित इलाकों में निरीक्षण करने पहुंच गए। उन्होंने मौके पर मौजूद कर्मचारियों से वार्डवासियों के घरों में घुसे पानी को अपनी उपस्थिति में बाहर निकलवाया। दरअसर सोमवार को सुबह से देर शाम तक लगातार झमाझम बारिश होती रही। इस दौरान शहर के शिकारी पारा में पानी निकासी के लिए जगह नहीं होने के कारण बारिश का पानी और नाली का पानी वार्डवासियों के घरों में घुस गया। इसकी जानकारी मिलने पर सीएमओ सौरभ शर्मा खुद भीगते हुए मौके पर पहुंच गए और कर्मचारियों को घर में घुसे पानी को बाहर निकालने के काम में लगा दिया। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि एक वार्डवासी के घर में एक बुजुर्ग महिला सोफा पर बैठी है, वहीं, उनके घर में चारों तरफ पानी भरा हुआ है। काफी मशक्कत के बाद घरों से पानी को बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार शहर के एक भी जनप्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचे।

### सावन में बारिश से सुहाना हुआ मौसम






**बालोद।** सावन माह के पहले सोमवार को सुबह से शुरू हुई मूसलाधार बारिश बिना रुके देर शाम तक होती रही। झमाझम बारिश से जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में काम धाम ठप पड़ गया। बारिश इतनी तेज थी कि मुख्य मार्गों पर दोपहिया वाहन गिने-चुने आते-जाते नजर आए। भारी बारिश के बीच लोग बाहर निकलने के बजाए सुरक्षित ठिकानों में बैठे नजर आए। सोमवार को भारी बारिश की वजह से कई छोटे स्कूलों में बच्चे भी अनुपस्थित रहे। वहीं, कई तस्वीरें ऐसे भी सामने आई जिसमें स्कूली बच्चे भीगते हुए या छाता व रेनकोट पहन कर जाते दिखे। सारा दिन भारी बारिश के कारण दुबके बैठे लोग देर शाम को आखिरकार बाहर निकले, रिमझिम बारिश के बीच शहर का नजारा देखने लायक था लोग छाता लेकर खरीदारी करने के साथ ही फुटपाथ में गरमा गरम पकोड़ा, समोसा, मुंगेड़ी बड़ा तथा चाय की दुकानों में चाय की चुस्की लेते नजर आए। सीनियर सिटीजन ने भी ऐसे मौके का जमकर फायदा उठाया। देर शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच गंगा सागर तालाब किनारे चौपाटी के पास अच्छी खासी भीड़ नजर आई जबकि बारिश हो रही थी, बावजूद लोग छाता लेकर घर से बाहर मौसम का आनंद लेने निकले थे जिनमें बुजुर्ग वर्ग के लोग भी शामिल थे।

- रिमझिम बारिश में मौसम का आनंद लेने निकले लोग

## खबर संक्षेप

### कार की ठोकर से चखना दुकान संचालक की मौत




**अंडा।** थाना अंडा क्षेत्र अंतर्गत 20 जुलाई की रात्रि लगभग 9 बजे कार की ठोकर से चखना ठेला चलाने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वाहन कार क्रमांक सीजी 10 इके4499 के चालक ने चखना ठेला चलाने वाले डौकीडीह निवासी दुष्यंत साहू पिता हरीराम साहू उम्र 56 वर्ष को ठोकर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे अंडा पुलिस ने 112 वाहन के माध्यम से शासकीय जिला अस्पताल दुर्ग भेजा गया। मृतक दुष्यंत साहू के सिर पर गंभीर चोट लगा था घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थाना अंडा से जानकारी अनुसार धारा-194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर जांच की जा रही है।

### बॉक्सिंग स्पर्धा में जिले के खिलाड़ियों ने जीते पदक



**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बालोद जिला के खिलाड़ियों ने अपने अपने वर्ग में पदक जीतकर बालोद जिला को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर में 18 से 20 जुलाई तक किया गया। प्रतियोगिता में प्रशान्त सेन सीनियर वर्ग 51 किलोग्राम में रजत पदक, आयुष जसूजा जूनियर वर्ग 62 किलोग्राम में कांस्य पदक, वासु साहू जूनियर वर्ग 46 किलोग्राम में कांस्य पदक एवं निहाल साहू जूनियर वर्ग 43 किलोग्राम में कांस्य पदक जीतकर बालोद जिला का नाम रोशन किया है। इन सभी खिलाड़ियों का अभ्यास स्थान ब्रदर्स कॉम्बैट क्लब जो बालोद में है। इन सभी खिलाड़ियों की इस विशेष उपलब्धियों पर नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### गुरुपूर्णिमा पर बाबा दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में गुरुपूर्णिमा महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 10 बजे से गुरु पूजन हवन शान्ति पाठ किया गया। उसके बाद श्रद्धा सुमन मानस परिवार उतई, गायिका मालती निषाद और उनकी सिया के राम भजन मंडली खट्टी अभनपुर द्वारा भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी गई। इसी तरह कनक सिया मानस परिवार कटंगी गन्डई की 8 साल की बालिका ने भगवान भोलेनाथ एवं श्री राम के भजन सुनाए। उसके बाद ओम आदित्य मानस परिवार संतोष ढीमर विनीता ढीमर ख्याति मंडली द्वारा रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक कथा का रसपान कराया। कार्यक्रम में अतिथियों का दरबार के भक्तों द्वारा श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर लगभग 5000 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

# रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिला मुख्यालय से लगे ग्राम रानीतराई की घटना

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम रानीतराई में एक व्यक्ति की रेलवे ट्रैक पर कटी लाश मिली है। मामला आत्महत्या का या कुछ और है यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान ग्राम तरौद निवासी बिरेंद्र यादव उम्र लगभग 35 वर्ष के रूप में हुई है, जो रोजाना सुबह ट्रेन में बैठकर मड़ोदा काम पर जाता था। रविवार को सुबह घर से मड़ोदा जाने के लिए घर से निकला, लेकिन रात को वापस घर नहीं पहुंचा, लेकिन उसकी लाश कई टुकड़ों में क्षतिग्रस्त हालत में पुलिस को रेलवे ट्रैक में पड़ी मिली। हालांकि सिर का हिस्सा चपेट में नहीं आने से मृतक की पहचान आसानी से हो पाई। वहीं मौके में पहुंची बालोद पुलिस ने शव को बरामद कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्यवाही में जुटी है।



वहीं इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांच के बाद ही मौत के मुख्य कारण का पता लग पायेगा। बहरहाल बालोद पुलिस परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ कर मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। वहीं, इस घटना से मृतक बिरेंद्र यादव के दो मासूम बच्ची के सर से पिता का साया उठ गया है तथा घटना से परिवार व गाँव में मातम पसरा हुआ है।

# कार से टकराते ही बाइक में लगी आग, युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- रविवार शाम जिला मुख्यालय के कॉलेज रोड पर हुई दुर्घटना

कार व बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर के बाद बाइक में आग लग गई। इस दुर्घटना में बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई, वहीं बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल में इलाज के बाद हायर सेंटर रिफर कर दिया गया है। गनीमत रही कि बाइक चालक बाइक से दूर सड़क पर गिरा वरना बाइक के साथ घायल व्यक्ति भी आग की चपेट में आ जाता।





दरअसल घटना रविवार की शाम करीब 6 बजे जिला मुख्यालय के कॉलेज रोड में शिवनाथ काम्प्लेक्स के ठीक सामने की है। जानकारी के अनुसार कार सवार जितेंद्र साहू अपने बच्चे के साथ ग्राम फुंडा में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर अपने गांव भानुप्रतापपुर जा रहे थे। इस दौरान शिवनाथ काम्प्लेक्स के पास तेज रफ्तार बाइक चालक ग्राम सांकरी (पैरी) निवासी देवराज निषाद 45 वर्ष सीधे कार से टकरा गया। हादसा इतना खतरनाक था कि बाइक का कार से टक्कर होते ही बाइक में आग लग गया और देखते ही देखते बाइक जलकर खाक हो गया।

घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस की टीम और फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि कोतवाली पुलिस के आरक्षक बनवाली साहू, मोहन कोकिला सहित अन्य युवाओं ने बाइक में लगी आग को बुझा लिया और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे में कार चालक जितेंद्र साहू और उसके बच्चे को मामूली चोटें आई है।

## शिवालयों में सुबह से लगी श्रद्धालुओं की भीड़, गूंजा ओम नमः शिवाय

# सावन के प्रथम सोमवार को उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में सावन का महीना लगते ही प्रथम सोमवार को मुख्यालय सहित आसपास के प्रमुख दार्शनिक स्थलों में शिव भक्तो का ताँता लगा रहा। श्रद्धालु सुबह से ही भगवान शंकर की पूजा अर्चना करने शिवालायों में पहुंचे। शिव भक्तों की भीड़ लोगों की आस्था और विश्वास से जुड़े प्रत्येक शिव मंदिरों में देखने को मिली।

सावन के पहले सोमवार को जिले के प्रत्येक शिव मंदिरों में सुबह से ही ॐ नमः शिवाय की गूँज प्रत्येक शिव मंदिरों में सुनाई देने लगी थी। जहाँ शिव भक्तों के द्वारा पंचाक्षरी मन्त्र ॐ नमः शिवाय का जाप भी किया जा रहा था। वहीं, भगवान शिव की आराधना के साथ ही बेल पत्र, धतुरा का अर्पण मनोकामना मांगते नजर आ रहे थे। जिले के विभिन्न मंदिरों भोलापठार, कपिलेश्वर मंदिर, जलेश्वर महादेव, सियादेवी, गंगामैया, रानी माँ, बूढ़ादेव इन मंदिरों में भक्तों की भीड़ महीने भर रहती है। सावन का महीना शिव भक्तों के आस्था और विश्वास का प्रमुख महीना होता है। इस महीने में प्रत्येक सोमवार को उपवास रख कर शिव जी आराधना करते हैं, जो शिव भक्तों के लिए प्रमुख आस्था का दिन माना जाता है। वहीं, बहुत से शिव भक्त काँवर से जल लेकर विभिन्न शिवमंदिरों में जाकर भगवान शिव को जल अर्पित करते हैं। कांवरिए जल से शिव जी का अभिषेक करते हैं। सभी लोग अपनी आस्था के अनुसार भोले के भक्ति में महीने भर लीन रहते हैं। इसलिए लिए सावन के महीने को पावन माना जाता है।



### सियादेवी मंदिर आस्था का केंद्र

यह मंदिर जिले के प्रमुख मंदिरों में से एक है जो जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर नारागाँव के जंगल पर स्थित है, जिसका नाम सियादेवी त्रेतायुग की गाथाओं का प्रमाण है, जो एक दंडकारण्य वन है जहाँ पर सीता माता के वियोग में भटक रहें राम लक्ष्मण का परीक्षा सती माता ने अपना देह त्याग कर सीता रूप धारण कर लिया था। इसलिए इस मंदिर का नाम सियादेही पड़ा। वहीं इस लीला में भगवान राम ने सती माता के असली रूप को पहचान लिया। यहाँ पर शिव, पार्वती, गणेश, सतीमाता, राम, लक्ष्मण, लव कुश, हनुमान की मूर्ति स्थापित है, जो लोगों के आस्था और विश्वास का प्रतीक है, जहाँ दर्शनार्थियों की भी हमेशा लगी रहती है।

### माता सती के साथ यहां पहुंचे थे भोलेनाथ

छत्तीसगढ़ का कौशल भोला पठार ग्राम पर्रेगुड़ा आदिकाल से दंडकारण्य क्षेत्र में स्थित भोला पठार संत महात्माओं के अनुसार तपोभूमि हैं पौराणिक दृष्टिकोण से भी इस स्थान का अपना महत्व है यहां आज भी पत्थरों का ढेर इस बात का प्रमाण है। प्राचीन काल में यहां विशाल बरगद का पेड़ था। जहां पर आज भी भोलेनाथ की मूर्ति विराजमान है। त्रेतायुग में जब भगवान शंकर कैलाश से सिहावा पर्वत पहुंचे, माता सती भी उनके साथ थीं। तभी भगवान शिव के द्वारा मना करने पर भी भगवान राम की परीक्षा लेने के लिए तत्पर हो गई और परीक्षा हेतु आगे बढ़ी। शिव जी इस पठार पर बैठकर नजारा देखने लगे। इसलिए इस शक्ति पीठ का नाम भोलपठार पड़ा। जहाँ शिव भक्तों की भीड़ सावन के महीने में लगती है।

### विवेकानंद हाई स्कूल डोंडी मनाई गुरू पूर्णिमा

**डोंडी।** विवेकानंद हाई स्कूल डोंडी में गुरु पूर्णिमा का उत्सव हर्ष व उल्लास से मनाया गया। सर्व प्रथम माँ शारदा की पूजा-अर्चना बच्चों और शिक्षकों द्वारा करके,सरस्वती वंदना किया गया। उसके बाद गुरू वंदना द्वारा शिक्षकों का तिलक और गुलदस्ता से अभिनंदन किया गया। उसके बाद संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों ने गुरु-शिष्य परम्परा और पौराणिक महत्व बताया। बच्चों को बताया गया कि महर्षि वेदव्यास का जन्म दिवस को आषाढ़ पूर्णिमा के दिन होने के कारण इसे गुरुपूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। इस दिन स्नान-दान का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख सन्तु यादव, वरिष्ठ शिक्षक एच. के. लेनपांडे, नेमीचंद बढ़ाई, गौराम सिंह नेताम, सुश्री चित्ररेखा करात, संगीता भारद्वाज, ममता ठाकुर, भुवनेश्वरी साहू, हनी भूआर्य, दीक्षारानी, रानू चौधरी, निधी सोनी, कविता हिड़को, आरती तारम निगम यादव, पूर्णिमा राजपूत उपस्थित रहे।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

# गृहमंत्री शर्मा बोले- छह महीने में 145 नक्सली मारे गए, 633 गिरफ्तार, 526 ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में जबसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब से केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में देश की आंतरिक सुरक्षा के सबसे बड़े मसले नक्सलवाद पर लगातार प्रहार जारी है।

अभी तक विभिन्न मुठभेड़ों में 145 नक्सली मारे गए हैं और लगभग 633 गिरफ्तार हुए हैं। 526 ने आत्मसमर्पण किया। श्री शर्मा ने कहा, सरकार यह मानती है कि नक्सलवाद का खात्मा केवल मुठभेड़ से नहीं हो सकता, मुख्य विषय उन क्षेत्रों का विकास करना भी है।

## भाजपा सरकार में अपराध हुए कम, कांग्रेस झूठ बोलकर भ्रम फैलाने में लगी

### पिछली सरकार के मामले अभी हुए दर्ज

गृहमंत्री ने कहा कि हमने अभी तक पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हुए सैकड़ों मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। छोटे-मोटे मामले छोड़कर गंभीर मामलों में हमने 337 गिरफ्तारियां की हैं। श्री शर्मा ने कहा, सरकार का यह संकल्प है कि यहां अपराधियों को सजा जरूर दी जाएगी। हमने जो मामले दर्ज किए हैं, उनमें हत्या, हत्या के प्रयास, अनाचार जैसे गंभीर मामले हैं, जिसे पूर्ववर्ती सरकार ने दर्ज नहीं किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के राज में आवेदन करने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं होती थी, लेकिन भाजपा सरकार ने तय किया कि एफआईआर को रोककर आंकड़ों का खेल नहीं खेलना है।



### नक्सल पर कांग्रेस नहीं थी गंभीर

श्री शर्मा ने रविवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि 2018 से लेकर 2023 तक 5 वर्ष के कांग्रेस शासनकाल में छत्तीसगढ़ की जनता ने देखा है कि सरकार नक्सल समस्या को लेकर गंभीर नहीं थी और यह बात आंकड़े भी कहते हैं। कांग्रेस शासनकाल और भाजपा के सात माह के मौजूदा कार्यकाल के वर्षवार नक्सली अपराध एवं पुलिस कार्रवाई की संख्यात्मक जानकारी देते हुए श्री शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार न केवल नक्सल समस्या को लेकर लापरवाह रही, अपितु छत्तीसगढ़ की कानून-व्यवस्था को उन्होंने अपराधियों के हाथ में गिरवी रख दिया था।

### दिया पंजीबद्ध अपराधों का तुलनात्मक ब्योरा

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा, आंकड़े बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में अपराध कम हुए हैं। प्रदेश में भारतीय दण्ड विधान के पंजीबद्ध अपराधों का तुलनात्मक ब्योरा देते हुए श्री शर्मा ने कहा कि राज्य में विशेष स्थानीय अधिनियम के अंतर्गत 9037 मामलों में, स्थापक औषधि एवं मनः प्रभागी पदार्थ अधि. 1995 के तहत 205, आबकारी अधिनियम 1815 के तहत 15500 मामलों में कार्रवाई की गई। राज्य में एनडीपीएस एक्ट के 809 प्रकरण में से 10 बड़े प्रकरणों में लगभग 16 करोड़ 9 लाख 50 हजार 260 कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए गए। श्री शर्मा ने कहा, आंकड़े बता रहे हैं कि एफआईआर करने के बाद भी इन आंकड़ों में कैसे कमी आ रही है। इन सारे तथ्यों के बाद भी कांग्रेस झूठ बोलकर भ्रम फैलाने में लगी है, क्योंकि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा ही नहीं है और तथ्य व सत्य से कांग्रेस का दूर-दूर कोई वास्ता नहीं है। वह सिर्फ विरोध करने के लिए विरोध कर रही है।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में धावा मोबाइल-एलईडी पार

**रायपुर।** आमानाका थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ अपने सूने मकान से नकदी 15 हजार रुपए, मोबाइल समेत एलईडी टीवी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, सर्वोदय कॉलोनी निवासी जाबिर खान ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।

### मरीन ड्राइव में दबिश फूड स्टॉल पर जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम अमले ने रविवार रात तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव के पास खाद्य दुकानों में गंदगी की शिकायत मिलने पर औचक निरीक्षण किया।.इस दौरान स्थल पर खाद्य दुकानों के किचन में गंदगी, दुकान में सफाई का अभाव पाए जाने संबंधित शिकायत सही पाई गई। किचन में गंदगी, डिस्पोजल, अपशिष्ट खाद्य सामग्री मिलने पर सीप एंड बाइट के संचालक पर 30 हजार रुपये, संपूर्ण दस्तावेज नहीं मिलने पर मद्रासी ग्रिल के संचालक पर 25 हजार रुपए जुर्माना किया। सम्पूर्ण दस्तावेज नहीं मिलने और भारी गंदगी मिलने पर डोसा जंक्शन के संचालक पर 15 हजार रुपए, क्रीम एंड स्टोन के संचालक पर अपशिष्ट खाद्य सामग्री मिलने पर 3 हजार रुपए, लिट्टी चोखा और डेली स्पेशल नाम से सड़क पर कब्जा जमाकर अवैध रूप से व्यवसायरत दो ठेला संचालकों पर 5-5 हजार रुपए जुर्माना किया।

## जिले में सुगम्य भारत अभियान के तहत कराए गए एक्सेस ऑडिट का ऐसा हाल

# दिव्यांगों के लिए 23 सरकारी भवनों में रैम्प-लिफ्ट, 58 दफ्तरों में सुविधा ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरकारी दफ्तरों और स्कूल-कॉलेजों में दिव्यांग बिना किसी सहारे के सुगमता से आना-जाना कर सकें, इसके लिए समाज कल्याण विभाग ने सात साल पहले एक्सेस ऑडिट रिपोर्ट तैयार की थी। पहले फेज में 23 सरकारी भवनों में ही यह सुविधा दी जा सकी है। वहीं दूसरे फेज का काम कराने कोई पहल ही नहीं हुई। लिहाजा जिले के 58 शासकीय भवनों में अभी तक यह सुविधा नहीं है। योजना आगे बढ़ पाती, उसके पहले ही संबंधित अफसरों की जिम्मेदारी में बदलाव कर दिया गया। इससे रैम्प व लिफ्ट लगाने की प्रक्रिया ठंडे बस्ते में है।

खास खबर

जिले में दिव्यांगों के लिए बनाए गए सुगम्य भारत अभियान का हाल-बेहाल है। यह खुलासा सात साल पहले कराए गए एक्सेस ऑडिट रिपोर्ट की पड़ताल में हुआ है। इसमें पता चला है कि समाज कल्याण विभाग ने ऐसे 81 सरकारी भवनों की ऑडिट रिपोर्ट तैयार की थी। इन भवनों में दिव्यांगों के लिए बाधारहित रैम्प बनवाने की जरूरत बताई गई। उनमें पहले फेज में शहर के 23 सरकारी भवनों व सरकारी स्कूल-कॉलेजों में दिव्यांगों के लिए रैम्प व लिफ्ट के लिए केंद्र शासन से मिला फंड भी समाज कल्याण विभाग ने जारी किया। इसके बाद से विभाग ने किन भवनों में निर्माण पूरा किया, इसकी रिपोर्ट जांचने के बाद शासन के माध्यम से केंद्र को भेजने के बाद अफसरों ने चुप्पी साथ ली। इससे जिन भवनों में रैम्प बनवाने की प्रक्रिया दूसरे फेज में होने की बात कही गई, वहां अभी काम शुरू होना तो दूर, काम कराने के लिए शासन से फंड भी नहीं मिला है।





### 23 जगह निर्माण के लिए मिला बजट

समाज कल्याण विभाग के मुताबिक, अभी तक शहर के 23 सरकारी भवनों ही नहीं, स्कूलों व कॉलेजों में दिव्यांगों के लिए रैम्प बनाने के लिए पहले फेज में 20 अप्रैल 2018 को 6 करोड़ 88 लाख 59 हजार 168 रुपए एजेंसियों को जारी किए गए। उन स्थानों पर दिव्यांगों के लिए रैम्प बनवाने के बाद राज्य शासन के माध्यम से केंद्र को रिपोर्ट भेजी गई। इसके बाद बचे हुए भवनों की सुध विभाग ने नहीं ली। नतीजा यह है कि अभी तक दूसरे फेज में होने वाले काम के लिए बजट ही नहीं मिला है। रिपोर्ट केंद्र शासन को भेजने के बाद प्रक्रिया अटकी है।

### 23 भवनों की भेजी रिपोर्ट

जिन 23 भवनों के लिए विभाग को फंड मिला था, उनमें रैम्प व लिफ्ट लगवाने के बाद रिपोर्ट भेजी गई है। विभाग की एक्सेस ऑडिट रिपोर्ट के तहत बचे हुए भवनों की जिम्मेदारी गृह निर्माण मंडल को दी गई है, वहां से अभी तक कोई अपडेट नहीं मिला है। - **नदीम काजी,** प्रभारी संयुक्त संचालक, समाज कल्याण विभाग, रायपुर

### निर्माण के साथ रैम्प का नियम

अभी तक विभाग ने 58 भवनों में बाधारहित निर्माण कराने में रुचि नहीं दिखाई है। इससे तहसील कार्यालय, जिला पंचायत भवन सहित ऐसे 10 से ज्यादा सरकारी भवन हैं, जहां बाधारहित रैम्प निर्माण नहीं हो पाए हैं। केंद्र शासन को किसी प्रकार का प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। इससे दूसरे फेज का काम शुरू नहीं हो सका है। बचे हुए भवनों में 20 से ज्यादा सरकारी स्कूल-कॉलेज भी शामिल हैं। अब नए भवनों को बनाते समय रैम्प व लिफ्ट का निर्माण कराने का प्रावधान कर जिम्मेदारों ने चुप्पी साध ली है। बचे हुए भवनों में मुख्य डाकघर भी शामिल है।

### इस कारण बनाई योजना

केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक सुगम्य भारत अभियान देशभर में लागू किया गया है। इसमें तय प्रावधान के तहत बहुमंजिला भवनों में दिव्यांग आसानी से आना-जाना कर सकें, इस लिहाज से उनके लिए रैम्प बनाने और लिफ्ट लगवाने की प्रक्रिया शुरू की गई। यह पहल इसलिए की गई, ताकि दिव्यांग बिना किसी सहारे के आसानी से अफसरों तक पहुंच सकें। इसके लिए हर बहुमंजिला भवन में दिव्यांगों के लिए रैम्प व लिफ्ट की सुविधा देने का प्रावधान है। इसे बनवाने में किए जा रहे विलंब के चलते अभी तक 58 भवन रैम्प विहीन हैं।

# पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए बनी समिति

- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव राजेश राणा की अध्यक्षता में समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए सरकार ने एक समिति का गठन कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पंचायत सचिव दिवस के अवसर पर प्रदेश पंचायत सचिव संघ, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पंचायत सचिव संघ के शासकीयकरण की मांग पर घोषणा की थी कि इसके कियान्वयन के लिए समिति का गठन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की मांग एवं इसके क्रियान्वयन के विचार के लिए समिति बनाई गई है। सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग राजेश सिंह राणा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संचालक, पंचायत संचालनालय प्रियंका ऋषि महोबिया को सदस्य सचिव तथा वित्त नियंत्रक, विकास आयुक्त कार्यालय मो. यूनूस को सदस्य बनाया गया है। यह समिति 30 दिनों के भीतर अपना प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत करेगी।

### बढ़ेगा वेतन मिलेंगी सुविधाएं




### साढ़े दस हजार से अधिक पंचायत सचिव

छत्तीसगढ़ में इस समय 10 हजार 555 पंचायत सचिव काम कर रहे हैं। बताया गया है कि इनमें से 15 साल से अधिक सेवा वालों की संख्या 6 हजार से अधिक है। इन्हें अभी 47 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन मिलता है। बाकी बचे पंचायत सचिव, जिनकी सेवा 15 साल से कम है, उन्हें 20 से 25 हजार रुपए वेतन मिलता है। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की घोषणा मोदी की गारंटी के रूप में की थी। शासकीयकरण होने के बाद 15 साल से अधिक सेवा वालों का वेतन नहीं बढ़ेगा। 15 साल से कम वालों का वेतन बढ़ेगा, लेकिन सभी पंचायत सचिवों को शासकीय कर्मी के रूप में मिलने वाली सुविधाओं के साथ ओपीएस पेंशन योजना का लाभ भी मिलेगा।

# जैतखाम पर गठित समिति ने बैज को सौंपी रिपोर्ट, इंटेलिजेंस फेल इसलिए घटना



- बलौदाबाजार हंगामा और आगजनी केस में कांग्रेस की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बलौदाबाजार में हुई आगजनी और तोड़फोड़ को लेकर कांग्रेस की एक जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को सौंप दी है। रिपोर्ट में ये आरोप लगाया है कि हंगामा और आगजनी सरकार की बड़ी विफलता रही। सरकार की खुफिया एजेंसी इस बात का पता लगाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई। कांग्रेस की जांच कमेटी पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व में बनाई गई थी।

डॉ. डहरिया ने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया कि 15 मई की दरमियानी रात गिरौदपुरी के महकोनी गांव के जैतखाम को अज्ञात लोगों ने नुकसान पहुंचाया। 17 मई को सतनामी समाज ने उक्त घटना के खिलाफ गिरौदपुरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मुद्दे पर जानबूझकर जांच की दिशा को डायवर्ट किया गया। सरकार ने अपनी बला टालने के लिए कांग्रेस पर आरोप मढ़ा। उन्होंने कहा, नागपुर से भी लोग यहां पहुंचे थे। हमारी मांग है कि निष्पक्ष जांच होऔर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

### डहरिया का दावा

जांच रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन ने बिहार प्रांत के तीन लोगों को आनन-फानन घटना का दोषी मानकर पकड़ लिया। पुलिस द्वारा यह बताया गया कि एक ठेकेदार के अंदर में काम करने वाले मजदूर थे। मजदूरी नहीं मिलने पर गुस्से में जैतखाम को नुकसान पहुंचाया। समाज विशेष के लोग इससे नाराज थे, जो कार्रवाई पुलिस ने की, उससे भी वे असंतुष्ट थे। समाज के लोग जांच की मांग कर रहे थे। पुलिस और प्रशासन ने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया, जिसके बाद गिरौदपुरी में एक बैठक हुई।

### 24 को विधानसभा घेराव

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ सरकार को कुंभकर्णी नींद से जगाने कांग्रेस 24 जुलाई को विधानसभा का घेराव करेगी। घेराव के लिए हमारी तैयारियां पूरी हैं, हजारों की संख्या में कांग्रेसजन विधानसभा कूच करेंगे। विधानसभा घेराव शांतिपूर्ण और आक्रामक होगा। यह आंदोलन जनता की जान-माल की रक्षा के लिए भाजपा की निकम्मी सरकार के प्रति आम आदमी का प्रतिकार होगा।

### असामाजिक तत्वों ने की आगजनी-तोड़फोड़

पूर्व मंत्री ने अपनी जांच रिपोर्ट में दावा किया है कि सरकार और प्रशासन के समुचित संज्ञान न लिए जाने पर 7 जून को प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में समाज के पदाधिकारियों के साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े भी शामिल थे। 10 जून को बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में सुबह से ही भारी संख्या में लोगों का आना-जाना शुरू हो गया था। लगभग 10 हजार की भीड़ इकट्ठी हुई और तीन घंटे तक सभा हुई। सभा के बाद रैली निकालकर कलेक्ट्रेट तक गए, इस दौरान असामाजिक तत्वों ने घुसकर आगजनी और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया।

## कार चोरी, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल में अपनी बीमार बहन को देखने गए शाहिद खान की कार को चोरी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसमें गुरप्रीत सिंह बसना थाना के गड़ फुलझर का रहने वाला है। वहीं दूसरा आरोपी ललित यादव दलदल सिवनी पंडरी का रहवासी है और पुराना चाकूबाज है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज खंगाले तो आरोपी का हुलिया सामने आया। इस आधार पर उनकी पतासाजी की गई और आरोपी धरे गए। उनसे तूफान वाहन कीमत करीब ढाई लाख रुपए बरामद कर लिया गया है।

## साय ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन से की मुलाकात...



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री रविवार को बालोद और रायगढ़ जिले के दौरे से लौटने के बाद हेलीपैड से सीधे शंकरनगर स्थित विधानसभा अध्यक्ष के निवास पहुंचे। गौरतलब है कि 22 जुलाई से छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र प्रारंभ हो रहा है। सत्र के संबंध में उनसे चर्चा की है।

## गोठान शुरू करने की मांग, किया प्रदर्शन



**रायपुर।** तख्ती हाथ में लेकर गोठान को शुरू करने की मांग को लेकर रविवार को जिला कांग्रेस रायपुर के पदाधिकारियों ने रोड जाम कर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस खरोरा के तिल्दा रोड एवं धरसींवा बस स्टैंड में किया गया। इस मौके पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि किसान फसल चरी से परेशान हैं, रोड पर जानवर अपना अड्डा बनाए बैठे हैं, जिससे आने-जाने वाले लोग भी मोटरसाइकिल, ट्रक, कार एवं अन्य वाहनों से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, जानवर भी मारे जा रहे हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर विगत 19 जुलाई को रायपुर कलेक्टर को भी मिलकर ज्ञापन सौंपकर गोठान शुरू करने की मांग की गई। प्रदर्शन में पूर्व सांसद छाया वर्मा, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर निषाद, भावेश बघेल, डालेंद्र वर्मा, घनश्याम वर्मा, चूड़ामणि साहू, सुरेंद्र गिलहरे, अंकित वर्मा, मुकेश भारद्वाज, निलेश चंद्रवंशी, बबलू भाटिया, जुबेर खान समेत अन्य शामिल रहे।

# चांदी के जेवरों की भी हॉलमार्किंग पर आज हो सकता है बड़ा फैसला

- हॉलमार्किंग कमेटी की बैठक में 9 कैरेट सोने के जेवरों पर भी होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ग्राहकों को चांदी के जेवर भी शुद्ध मिल सकें, इसकी कवायद प्रारंभ हो गई है। बीआईएस की हॉलमार्किंग कमेटी की सोमवार को होने वाली बैठक में चांदी के जेवरों की भी हॉलमार्किंग करने पर बड़ा फैसला होने की संभावना है। ऐसा होने से ग्राहक ठगे जाने से बच जाएंगे, भले उनको कुछ रुपए ज्यादा खर्च करने पड़ेंगे, लेकिन इस बात की गारंटी रहेगी कि वे जो चांदी के जेवर ले रहे हैं, वो शुद्ध चांदी के हैं। इस समय चांदी के जेवरों की शुद्धता की कोई गारंटी नहीं रहती। कई कारोबारी मिलावटी जेवर बेचते हैं और इनको परखने का कोई साधन नहीं है, लेकिन हॉलमार्किंग से शुद्धता की गारंटी हो जाएगी। इसी के साथ 9 कैरेट सोने के जेवरों को भी हॉलमार्किंग में शामिल करने की तैयारी है।

प्रदेश के सराफा कारोबारियों के मुताबिक, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत बीआईएस की हॉलमार्किंग कमेटी की 22 जुलाई की बैठक में चांदी के आभूषणों पर हॉलमार्किंग अनिवार्य करने पर फैसला हो सकता है। इसी के साथ 9 कैरेट सोने के हॉलमार्क गहने बेचने की अनुमति पर भी विचार होगा। हालांकि इतने कम कैरेट वाले गहने छत्तीसगढ़ में नहीं बिकते, लेकिन ये देश के कई राज्यों में जरूर बिकते हैं।



### चांदी में भी अनिवार्य हो हॉलमार्किंग

सोने की तरह ही चांदी में हॉलमार्किंग को अनिवार्य करना चाहिए। ऐसा होने से ग्राहकों को फायदा होगा और उन्हें चांदी की शुद्धता की गारंटी सोने की तरह मिलेगी। - **कमल सोनी,** अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

### अभी चांदी में अनिवार्यता नहीं

अभी तक चांदी के हॉलमार्क जेवर बेचना अनिवार्य नहीं है। देश के कुछ राज्यों में जरूर कई सराफा कारोबारी बीआईएस से लाइसेंस लेकर हॉलमार्क जेवर बेच रहे हैं। ऐसे जेवरों में चांदी की शुद्धता 92.5% होती है। हॉलमार्किंग से चांदी के खोटे गहने बेचने वालों पर रोक लगेगी। अभी देश में 14, 18, 20, 22, 23 और 24 कैरेट सोने के हॉलमार्क जेवरों का कारोबार करने की अनुमति है। दुनियाभर में 9 कैरेट सोने के जेवर बड़ी तादाद में बिकते हैं। सोने की शुद्धता 9 कैरेट से कम होने पर इसे सोने की श्रेणी में नहीं रखा जाता।

### 100 ग्राम तक के जेवरों पर मिल सकती है छूट

राजधानी रायपुर के सराफा कारोबारी और रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक, चांदी के जेवरों पर हॉलमार्किंग अनिवार्य होने पर इसमें सौ ग्राम तक के जेवरों को इससे अलग रखे जाने की संभावना है। सोने के जेवरों में भी दो ग्राम तक के जेवरों की हॉलमार्किंग जरूरी नहीं है। ऐसा होने से उन छोटे ग्राहकों को राहत रहेगी, जो बिछिया, पायल, चूड़ी, गले की चेन आदि छोटे-छोटे जेवर 5 से 10 तोले तक के खरीदते हैं।

# सस्ता टैरिफ लेने 10 दिनों में 11 हजार ने खरीदे बीएसएनएल सिम

- 15 अगस्त तक बीएसएनएल पूर्ण करेगा रायपुर में 4जी टॉवर लगाने का काम
- प्रदेश के हर गांव में 1500 करोड़ की लागत से 1670 मोबाइल टॉवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निजी मोबाइल कंपनियों के रीचार्ज प्लान में हुई वृद्धि से लोग अब भारत संचार निगम लिमिटेड, यानी बीएसएनएल की ओर आकर्षित होने लगे हैं। बीते 10 दिनों में 11 हजार से अधिक ग्राहक निजी मोबाइल कंपनियों को छोड़कर अपना नंबर बीएसएनएल में पोर्ट करा रहे हैं।

वहीं हजारों लोग अब नई सिम भी ले रहे हैं। बीते दिन जिओ ने 25 प्रतिशत तो एयरटेल ने भी 21 प्रतिशत तक अपना टैरिफ प्लान बढ़ाया था, जिसका लाभ पूरे देशभर में बीएसएनएल को सर्वाधिक हुआ है। दोनों कंपनियों की तुलना में बीएसएनएल के दामों में वृद्धि नहीं हुई है। सस्ते प्लान के कारण अब छत्तीसगढ़ में रोजाना 10 हजार नए ग्राहक जुड़ रहे हैं। हरिभूमि ने बातचीत में महाप्रबंधक टीके मरकाम ने बताया कि नवा रायपुर के साथ-साथ शहर के भीतर टॉवर लगाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। निजी कंपनी का रीचार्ज महंगा होने से पुराने प्लान में ही बीएसएनएल वही सुविधा दे रहा है, इससे 25 प्रतिशत बचत हो रही है। 15 अगस्त के बाद लोगों को राजधानी में 4जी हाईस्पीड नेट कनेक्टिविटी की सुविधा मिलने लगेगी। 4जी की लांचिंग के बाद बीएसएनएल का सीधा मुकाबला निजी कंपनियों के साथ होगा।

*प्रदेश में 2.60 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता : प्रदेशभर में 2.60 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता हैं। इनमें 1.60 शहरी और 90.9 लाख ग्रामीण उपभोक्ता हैं। रायपुर में 7 लाख यूजर्स हैं। संचार मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय के मुताबिक, प्रदेश के 8507 आदिवासी गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी मिल चुकी है। इनमें से 8025 गांवों में 3जी-4जी मोबाइल कनेक्टिविटी मिल रही है। वर्तमान में प्रदेशभर में 14 हजार 664 मोबाइल टॉवर स्थापित हैं।*

BSNL
Connecting India

*जुड़ रहे नए उपभोक्ता : निजी कंपनी के प्लान महंगा होने से बीएसएनएल के उपभोक्ता लगातार बढ़ रहे हैं। 10 दिनों में 11 हजार से अधिक लोगों ने सिम खरीदे हैं तो वहीं हजारों लोग पोर्ट भी करा रहे हैं। रायपुर एरिया में 15 अगस्त तक 4जी टॉवर का काम पूरा हो जाएगा। - **टीएस मरकाम,** जीएम, बीएसएनल, रायपुर*

### 383 टॉवर कर रहे अपडेट

बीएसएनएल के ग्राहकों को अभी 3जी की सुविधा मिल रही है। वर्तमान में रायपुर शहर में 383 3जी टॉवर को 4जी में अपडेट किया जा रहा है। साथ ही बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 100 नए टॉवर लगाने का काम भी 80 फीसदी पूरा हो चुका है। एक महीने के बाद राजधानी में बीएसएनएल की 4जी सेवाएं शुरू हो जाएंगी। महाप्रबंधक ने बताया कि निजी कंपनी की तरह बीएसएनएल का रीचार्ज प्लान महंगा होने के कोई संकेत नहीं हैं। बता दें कि केंद्र सरकार के संचार मंत्रालय के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के हर गांव में मोबाइल नेटवर्क के लिए 1500 करोड़ की लागत से 1670 मोबाइल टॉवर लगाए जाएंगे। तीन सालों से यह कार्य चल रहा है।

# जिला कार्यसमिति में बनी नगरीय निकाय चुनाव के लिए रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति के बाद नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जिलों की कार्यसमिति हो रही है। इसी कड़ी में रविवार को शहर जिला रायपुर की कार्यसमिति में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मंथन कर रणनीति बनाई गई। भाजपा नेताओं ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अभी से चुनाव के लिए जुटने कहा।

मुख्य वक्ता, विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, आप सभी रायपुर शहर जिला के कार्यकर्ताओं को एक और संकल्प लेना है कि रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में ऐतिहासिक लीड बरकरार रखना और साथ ही निकाय चुनाव में भाजपा का परचम लहराना है। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव द्वारा नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने और भाजपा की सरकार बनने का बधाई प्रस्ताव रखा गया। राजनीतिक प्रस्ताव जिला महामंत्री सत्यम दुवा द्वारा लाया गया, जिसमें उन्होंने प्रदेश कार्यसमिति प्रस्ताव का समर्थन किया। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों के संबंध में कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा करते हुए उन्हें नगरीय निकाय चुनाव में जनता के बीच कैसे जाएं और अपनी पार्टी का पक्ष किस तरह रखें, इन विषयों पर प्रकाश डाला। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने लोकसभा चुनाव विश्लेषण पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

**खबर संक्षेप**

### अनुसंधान व विकास में करेंगे सहयोग

**भिलाई।** सेल ने आईआईटी कानपुर के साथ अनुसंधान एवं विकास और परामर्श अध्ययन में सहयोग को बढ़ावा देने, शैक्षणिक सामग्री और प्रकाशनों का आदान–प्रदान करने, संयुक्त अनुसंधान करने, संयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करने आदि के लिए 19 जुलाई 2024 को एमओयू साइन किया। इस समझौता ज्ञापन पर इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा, आईआईटी कानपुर के निदेशक मनिंद्र अग्रवाल, सेल के अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया गया।सेल और आईआईटी, कानपुर की ओर से आरडीसीआईएस, सेल के कार्यपालक निदेशक संदीप कुमार कर और आईआईटी कानपुर के उप निदेशक और डीन (आरएंडडी) प्रोफेसर तरुण गुप्ता ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

### प्रवर्तन विभाग ने हटाए पैंतालीस कब्जे

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा टाउनशिप में कब्जाधारियों से आवासों को खाली कराने, अवैध बैनर पोस्टर हटाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। 45 कब्जा वाले मकानों को खाली कराया गया। प्रवर्तन विभाग की टीम द्वारा टाउनशिप में 45 अवैध कब्जेधारियों को बेदखल किया गया।

## भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्य समिति की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया आग्रह

# कार्यकर्ता साथी अब नगरी निकाय और पंचायत चुनाव की करें तैयारी : सवन्नी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्य समिति की बैठक बालोद में आयोजित की गई। दो सत्रों प्रदेश व जिला के वक्ताओं ने मण्डल व जिला के कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया । इसके साथ ही प्रदेश कार्यसमिति के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया तथा अगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई।

बैठक में दीप प्रज्जवलन, राष्ट्रगान व अतिथि स्वागत पश्चात प्रस्तावित व उद्घाटन भाषण जिला अध्यक्ष पवन साहू ने दिया, उन्होने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत व लगन से हमने लोकसभा का चुनाव जिला बालोद जिला में महत्वपूर्ण बढ़त मिली।

प्रदेश महामंत्री व प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि राज्य की विष्णुदेव सरकार ने केवल छह माह में ही मोदी की गारंटी को पूरा किया तथा अपनी जनघोषणा पत्र पर तेजी से कार्य कर रही है।

द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी भुपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि जब हम एकजुट हो जाते हैं, तो हमारी जीत सुनिश्चित हो जाती है। कांकेर लोकसभा हमारे लिए चुनौती वाला लोकसभा था, हमारी एकजुटता से हम विजयी हुए। अगामी चुनावों में भी इसी तरह एकजुट होकर पुरी ताकत से हमें मैदान में उतरना होगा। भाजपा के कार्यकर्ता हमेशा से अपने संस्कार के लिए जाने जाते हैं हमेशा से हम समाज के उत्थान के लिए लड़े हैं हमें आगे भी यह कार्य करते रहना है। उन्होंने नगरीय निकाय चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में तैयारियों पर भी मार्गदर्शन दिया। बैठक में भाजपा कार्यकर्ता व उनके परिवारजनों के मृत्यु हो जाने पर उन्हे श्रदंजली अर्पित की गई। बैठक में राकेश छोटू यादव,चेमन देशमुख, किशोरी साहू, देवेंद्र जायसवाल, त्रिलोकी साहू, नरेश यदु, दिलीप शर्मा, शरद ठाकुर, अमित चोपड़ा, राजेश दसोडे, कृतिका साहू, छगन देशमुख, शाहिद खान, शीतल नायक, पुष्पेंद्र चंद्राकर, पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



**सालभर की कार्ययोजनाओं के सबंध में दी गई जानकारी**

बालोद के भाजपा प्रत्याशी राकेश यादव ने नगरीय निकाय व त्रीस्तरीय पंचायत चुनाव के संबध में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। बस्तर कलस्टर प्रभारी यशवंत जैन ने पूरे वर्ष की कार्ययोजनाओं के सबंध में विस्तार से कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए मार्गदर्शन दिया तथा कार्यकर्ताओं को सभी कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता निभाने के लिए कहा। कांकेर लोकसभा सहप्रभारी यज्ञदत्त शर्मा ने लोकसभा चुनाव विश्लेषण करते हुए अपने विचार रखे तथा एकजुट होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### इंदिरा ने अपनी सरकार बचाने के लिए लगाया था आपात काल : पवार

राष्ट्रपति के अभिभाषण का वाचन प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने किया। उन्होने मोदी जी कार्यकाल में हुए महत्वपूर्ण कार्यों को संक्षेप में बताया। पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू द्वारा प्रदेश कार्यसमिति के बैठक में प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवरतन शर्मा द्वारा लाए गए राजनैतिक प्रस्ताव को प्रस्तुत किया। अपातकाल विभिषिका पर पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने उद्बोधन दिया। उन्होने बताया कि इंदिरा गांधी ने अपनी सरकार बचाने के लिए 25 जून 1975 में आपातकाल लाया था जिसमें बालोद जिला के कई नेता भी मीसाबंदी रहे हैं। वह समय देश के लिए काला समय था और संविधान की हत्या उसी समय हुई थी। इसलिए 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में अब मनाया जायेगा।

## मानव कल्याण आश्रम बघमरा में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

मानव कल्याण आश्रम बघमरा में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक सेवानिवृत्ति सीताराम साहू श्याम, पद्मश्री शमशाद बेगम, पर्यावरण प्रेमी साहित्यकार केशव राम साहू, आश्रम के संस्थापक गुरु प्रसाद मानववादी, धीरज सिंह साहू, चंद्रशेखर यादव, बृजलाल साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर सीताराम साहू श्याम ने कहा कि गुरु अपने शिष्यों को छोटे–छोटे संकेत के माध्यम से बड़े–बड़े संदेश उनके आत्म कल्याण के लिए देते हैं। कुम्हार घड़ा को अंदर से संभालते हुए बाहर से चोट करते हैं उसी प्रकार गुरु शिष्य के उन्नति के लिए कड़े दांव खेलते हैं। पद्मश्री शमशाद बेगम ने मानव सभ्यता के सतत विकास में गुरुओं की भूमिका का उल्लेख किया। केशव राम साहू ने महर्षि वेदव्यास, वशिष्ठ, विश्वामित्र, शंदीपानी, समर्थ गुरु रामदास, चाणक्य आदि की भूमिका पर प्रकाश डाला।

गुरु प्रसाद मानववादी ने कहा कि संत महापुरुष केवल प्रेम करना सिखाते हैं मानव एकता, समरस समाज उनके जीवन का उद्देश्य रहता है। अभ्युदय संस्थान अछोटी से जीवन विद्या के विषय के चिंतक राकेश गुप्ता, सुरेंद्र पाल, गौरी, कामता साहू, निर्मल सिदार, हीरालाल साहू, जीवन दास साहेब, साध्वी दुर्गा एवं दर्शन कुमारी उपस्थित हुए।

## आनंद पब्लिक स्कूल में मना गुरु पूर्णिमा पर्व



**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में बड़े ही धूमधाम से गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद ने बच्चों को आह्वान किया कि सर्वप्रथम माता-पिता के बाद जो गुरु हमें अध्ययन कराते हैं वे सभी शिक्षकों की बातों का अनुशरण करना चाहिए और अपने जीवन में उतारना चाहिए जिससे जीवन में हमेशा आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती रहे। कार्यक्रम में सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के उपाध्यक्ष प्रतीक जैन, सचिव रवि जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, मिश्रीलाल जैन ,संदीप जैन, प्रभा जैन, प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य सैनी मैथ्यूज, प्रधान पाठिका नोम साहू, अनिल थॉमस एवं, वी.के. साहू उपस्थित थे।

**चेंबर की सदस्यता का बताया महत्व**

## जामगांव आर पहुंचे चेंबर के दुर्ग चेयरमेन पवन, व्यापारियों से भेंटकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज दुर्ग के चेयरमेन पवन बड़जात्या ने दितेश बड़ानी प्रह्लाद कश्यप आशीष कोचर प्रेमचंद चोरड़िया के साथ जामगांव आर क्षेत्र के व्यापारियों से संपर्क कर सदस्यता की महत्ता पर प्रकाश डाले। उन्होंने बताया कि 2 माह में 600 व्यापारियों ने स्वफूर्त सदस्यता ग्रहण की। चेयरमेन पवन बड़जात्या ने जामगांव आर प्रवास के दौरान हरिभूमि से भेंट में कहा कि चेंबर आफ कामर्स का सदस्य बनना गर्व की बात और समय की मांग संगठन शक्ति से सुरक्षा मिलती है।

बड़जात्या ने व्यापारियों से भेंट में कहा कि संगठन में शक्ति होती है और संगठन शक्ति में जुड़कर अपने आपको सुरक्षित रखना समय की मांग है।3500 रूपये आजीवन सदस्यता शुल्क निर्धारित है, तर्क कुतर्क से बचते हुए बिना समय गंवाए स्वस्फूर्त सदस्य बनकर व्यापारी संगठन और स्वयं को सजगता पूर्वक मजबूत करें।

प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला ,प्रदेश महामंत्री अशोक राठी, चेयर मेन पवन बड़जात्या, दुर्ग जिला अध्यक्ष प्रहलाद रूंगटा, जिला महामंत्री प्रकाश गोलछा, जिला कोषाध्यक्ष हरीश श्रीश्रीमाल, युवा विंग अध्यक्ष रवि केवलतानी एवम महिला विंग अध्यक्ष पायल कुम्मट है। ये सभी अपने सदस्यों की भावनाओ का कद्र करते हुए दायित्व निर्वहन के लिए 3 वर्षों से सक्रिय है।



### व्यापार में वृद्धि का सुंदर अवसर सामने आते हैं

चेयरमेन पवन बड़जात्या ने कहा कि व्यापार में आने वाली शासकीय अड़चनों ,व्यापार की तेजी मंदी की लाभ हानि चर्चा, ग्राम शहर व्यापार संतुलन,और अनेकों योजनाओं की लाभ लेने की सरलतम जानकारी सदस्य को बड़ी आसानी से उपलब्ध होती है। जान पहचान बड़ने से व्यापार में वृद्धि की संभावनाएं बलवती होती है।चेंबर ने होलसेल कारीडोर बनाने की ओर सक्रियता से कदम बढ़ाया है जिसका भरपूर लाभ सदस्य व्यापारियों को मिलेगा।

### आशीष को सौंपे सदस्यता प्रभार

चेयर मेन पवन बड़जात्या ने जामगांव आर में सदस्यता प्रभार आशीष कोचर को सौपते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज दुर्ग इकाई की वर्तमान कार्यकारिणी के सफल कार्यकाल पूर्णता पर उपलक्ष्य में आयोजित सम्मेलन में सभी सदस्यों को आमंत्रित किए। आशीष कोचर ने कहा कि सदस्यों का समुचित ध्यान चेंबर को रखना चाहिए। एक आवाज में सहयोग के लिए तत्परता मिलने से सदस्यता में व्यापारियों की रुचि स्वमेव बढ़ेगी।

## संबलपुर में शुरू हुआ श्रावणी रामायण पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ 33 वर्षों की जारी है दैनिक भजन कीर्तन की परंपरा

समीप के ग्राम संबलपुर में श्रावणी रामायण पाठ की बरसों से चली आ रही परंपरा की शुरुआत गुरु पूर्णिमा से की गई। पिछले 33 वर्षों की परंपरा लगातार आज भी जीवंत है। ज्ञात हो कि ग्रामवासियों के सहयोग से शिव कृपा मानस परिवार द्वारा ग्राम के हृदय स्थल दुर्गा मंदिर प्रांगण में दैनिक भजन कीर्तन संकीर्तन किया जाता है, जिसकी शुरुआत गुरु पूर्णिमा से होती है। मानस परिवार की व्याख्याकार संचालक वीरेंद्र अजनबी ने बताया कि मंडली के माध्यम से ग्राम में राम नाम का प्रचार प्रसार निरंतर चलता है,गुरु पूर्णिमा पर विशेष रूप से उन्होंने कहा कि यह दिन गुरु के प्रति भक्ति, श्रद्धा, आस्था प्रकट करने का दिन होता है। भगवान वेदव्यास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए गुरुमाहिमा पर कथा हुई। भगवान शंकर के प्रिय महीने सावन को भक्ति से सराबोर मनाने की बात कही ।श्रावण महीने के दैनिक रात्रि भक्ति भजन संकीर्तन पूर्ण होने पर श्रावण पूर्णिमा पर अखंड रामायण भी आयोजित होती है। मानस परिवार में व्याख्याकार वीरेंद्र अजनबी के अलावा नंदकुमार निषाद , अघुनू राम पटेल ,रघुनंदन भुआर्य ,एन कुमार पटेल, एवन यादव,कैलाश पटेल, घनश्याम सिन्हा सहयोगी सदस्य हैं ।प्रतिदिन संकीर्तन पश्चात प्रसाद वितरण किया जाता है।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

## डौंडी नगर में श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया गुरू पूर्णिमा पर्व

**डौंडी।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में 21जुलाई को सुबह 10 बजे से गुरू पूर्णिमा का कार्यक्रम मनाया गया। विशेष रूप से उपस्थित उत्तर यादव प्रांत किसान कार्य प्रमुख के बौद्धिक चर्चा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

उन्होंने गुरू महिमा व गुरु पूर्णिमा के समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस दिन महर्षि वेदव्यास जी का जन्म हुआ था। इसे वेदव्यास जी की जयंती के रूप में मनाया जाता है । गुरु पूर्णिमा को आषाढ़ पूर्णिमा व व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। हमारे सनातन धर्म में गुरू को भगवान का दर्जा दिया गया है, क्यों कि वह हमे संसार में जीने का तरीका व अंधकार से प्रकाश तक ले जाने का रास्ता दिखाता है। इस दिन शिष्य अपने गुरु की विशेष पूजा करता है। यथा शक्ति दक्षिण पुष्प, वस्त्र आदि भेंट किया करते हैं। शिष्य इस दिन अपने सारे अवगुणों को गुरु को अर्पित कर देते हैं। इस अवसर पर पी,एल सोनवानी ने भी गुरु और शिष्य के भाव पर अपना व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पी,एल सोनवानी अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर,ईश्वर चक्रधारी सह खंड (कार्यवाहक), मिथलेश साहू ( नगर कार्यवाह), प्रेम शुक्ला संरक्षक सरस्वती शिशु मंदिर,नरेश तन्ना संरक्षक सरस्वती शिशु मंदिर,जिवन धनकर उपाध्यक्ष,सदस्य गण रामनारायण (डाक्टर) धनकर बी,एल वैष्णव, शिवराम रनघाटी, मातरम दास कोसरे,अवध राम कुम्भकार, राघवेन्द्र तिवारी व विभिन्न लोग उपस्थित रहे।

**अंचल के लोगों ने आरोप लगाते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की थी**

## डीएमएफ की राशि में करोड़ों की गड़बड़ी, न जांच न कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखण्ड डोंडी के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पूर्ववर्ती कॉंग्रेस शासनकाल में जिला खनिज न्यास मद की राशि से किये गए करोड़ों रुपयों के घोटालों की जांच आज तक नहीं हो पाई है। इस मामले की जांच को लेकर 11माह पूर्व सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक डोंडी ने चक्काजाम किया था।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी डोंडी मंडल द्वारा लगभग 9 माह पूर्व धरना प्रदर्शन भी किया था। लेकिन, आज तक ना तो जांच हो पाई और ना ही कोई कार्रवाई की गई। इसे लेकर ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब है कि सर्व आदिवासी समाज डोंडी ब्लॉक द्वारा आदिवासी विकासखण्ड के ग्रामीण अंचलों में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से विभिन्न प्रशिक्षण के नाम पर लाखों रुपयों की राशि का बंदरबाट का आरोप लगाया गया था। मामले की जांच व कार्रवाई सहित क्षेत्र की मांगों को लेकर 21अगस्त 2023 को 6 घंटे चक्काजाम किया गया था।

चक्काजाम के दौरान तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंडी ने जिला खनिज न्यास निधि से डोंडी ब्लॉक में स्वीकृत सभी कार्यों की जाँच के लिये तीन सदस्यीय टीम का गठन किए जाने की जानकारी दी थी। उन्होंने जांच रिपोर्ट 15 दिन में देने के निर्देश टीम को दिए थे। लेकिन, 11 माह बाद भी जांच प्रतिवेदन तैयार नहीं हो पाया। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी डोंडी मण्डल ने 3 अक्टूबर 2023 को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने ग्राम पंचायत सिंघोला के आश्रित ग्राम सुकडिगहन में कमार जाति के लोगों के प्रशिक्षण के नाम पर लाखों रूपए का गबन किए जाने का आरोप लगाते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन उस मामले में भी जांच व कार्रवाई नहीं हुई।

भारतीय जनता पार्टी डोंडी मंडल अध्यक्ष मनीष झा और सर्व आदिवासी समाज बालोद जिला उपाध्यक्ष गंगाराम ठाकुर ने बताया कि अब तक उस मामले में न तो जांच हुई है और न ही कोई कार्रवाई हुई है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

**पेज 9 के शेष**

### नाली निर्माण में ...

का पानी जिसमें से शहर के पानी की निकासी होती है, वह बंद हो गई है। इसके कारण बस स्टैंड परिसर में कमर जितना पानी भरा हुआ है। इसके कारण बड़ी यात्री बसें ही मुश्किल से चल पा रही हैं, जबकि छोटी बसं और बाइक तथा कार का इस जगह से गुजर पाना नामुमकिन है।

### गुरुपूर्णिमा पर ...

कार्यक्रम में दरबार के लक्ष्मण बाबा, नंद पंड़ा, राजू यादव, विनोद साहू, गुलाब साहू, मनसुखा साहू, रूपलाई साहू, चंद्रकांत कोसरे एवं कुंजलाल साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

